## एक नजर

### अंतर जिला क्रिकेट सीनियर वर्ग में नर्मदापुरम ने बैतूल को दी शिकस्त

**बनखेडी.** नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट संघ के तत्वाधान में अंतर जिला सीनियर वर्ग टूर्नामेंट में तीसरा मुकाबला बैतूल और नर्मदापुरम के मध्य एमपीसीए मैदान पर गया जिसमें नर्मदापुरम ने पहली पारी में 262 रनों की बढ़त के आधार पर बैतूल को एकतरफा हराया ।नर्मदा पुरम संभाग क्रिकेट संघ के मानसेवी सचिव श्री प्रदीप तोमर ने बताया कि बैतूल की टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 179 रनों पर सिमट गई थी। नर्मदापुरम की ओर गौतम रघुवंशी,हिमांशु शिंदे, हर्षित परसाई और अनुराग मालवीया ने 2-2 विकेट लिए शेष गौरव दशोरे एवं कार्तिक राजोरिया को 1- 1 सफलता प्राप्त हुई। नर्मदापुरम ने बल्लेबाजी करते हुए अखिल निगोटे के शतक 159, यश दुबे के 87 रन,राज मेहता 64 रन,हिमांशु शिंदे 45 रन और रित्विक दीवान के 36 रनों की मदद से दिन के निर्धारित ओवर में 6 विकेट खोकर 441 रन बनाए ।मैच में नतीजा आते नहीं दिखाई देने पर अंपायर द्वारा नर्मदापुरम को विजेता घोषित किया गया । अखिल निगोटे को शतकीय पारी के लिए मेन ऑफ द मैच चुना गया।मैच के दौरान सिलेक्टर नितेश राजपूत, जिला क्रिकेट संघ के सचिव श्री मनोहर बिल्थरिया नर्मदापुरम एवं बैतूल के कोच सहित अंपायर हरीश हनोतिया, विष्णु बौरासी एवं स्कोरर दिनेश वर्मा उपस्थित रहे।

### 10 फुट के रास्ते को अवैध कब्जा कर 2 फुट का किया

**पिपरिया –** ग्राम रजौला मे 10 फुट के रास्ते को दोनो तरफ से अवैध कब्जा कर दो फुट का कर दिये जाने को लेकर महिला व पुरुषो ने एसडीएम तहसीलदार के पास पहुंच आवेदन प्रस्तुत किया। ग्राम रजौला के ग्रामीणो ने एसडीएम के नाम तहसीलदार वैभव बैरागी को पत्र देकर बताया कि ग्राम रजौला में हमारे मकान के पीछे की तरफ बने हुए है। हमारे मकानो तक उनके दोनो मकानो के बीच में 10 फुट का रास्ता बना हुआ था जिसे 2 फुट का कर दिया गया है

# रेलवे प्लेटफार्मों की सफाई व्यवस्था दिखावा

## करोड़ों रुपये की मशीनरी के उपयोग के बाद भी सफाई बेहाल



**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 10 दिसम्बर 2025** इटारसी रेलवे स्टेशन के सातों प्लेटफार्मों पर सफाई व्यवस्था को लेकर रेल प्रशासन ने करोडों रूपये के ठेके तो आबंटित कर दिये हैं लेकिन सफाई अव्यवस्था जस की तस बनी हुई है. रेल प्रशासन को दिखाने के लिये सफाईकर्मी मशीनों से सफाई कराकर चौबीस घंटे रेलवे प्लेटफार्म पर सफाई रहत है यह दावा करते हुए नजर आ रहे हैं पर यहां की स्थिति उलट बनी हुई है कि जब कोई बडे अधिकारियों के आने की

> बड़े अधिकारियों के आने की जानकारी होती है तो थोडा सा दिखावा सफाई के नाम पर हो जाता है .बाकी समय गदंगी बनी रहती है

जानकारी होती है तो थोडा सा दिखावा सफाई के नाम पर हो जाता है.बाकी समय में प्लेटफार्मों के अलावा रेलवे ट्रेक पर गदंगी ही गदंगी नजर आती है इसके कारण इटारसी रेलवे स्टेशन का नाम भी खराब हो रहा है.

बताया जाता है कि रेलवे अधिकारियों को टाईम नहीं रहता है कि वे स्टेशन पर फैली अव्यवस्थाओं को देखकर जो पाउच, गुटखे, रेलवे परिसर में थूंके जाते हैं उनके निशान हमेशा बने रहते हैं और यात्री गंदगी देखकर अपने आपको असहज महसूस करते हैं. बताया जाता है कि शहर में इन दिनों इटारसी स्टेशन पर राज्यसभा सदस्य के प्रतिनिधि, सांसद के प्रतिनिधि के अलावा अन्य लोग आये दिन स्टेशन पर दौरा कर अपनी राजनीति तो चमका लेते हैं लेकिन स्टेशन की गदंगी को चमकाने के नाम पर वे ठेकेदार और अधिकारी से खुद चमक जाते हैं.

# रेलवे समिति सदस्य ने रेलवे जंक्शन परिसर का किया सघन निरीक्षण



**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 10 दिसम्बर** पश्चिम मध्य रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्य योगेंद्र सिंह राजपूत ने सांसद दर्शन सिंह चौधरी के निर्देश पर आज इटारसी रेलवे जंक्शन परिसर का विस्तृत निरीक्षण किया। यह निरीक्षण अमृत भारत परियोजना के तहत चल रहे निर्माण कार्यों, नए एफओबी पर बढ़ते दबाव और स्टेशन रोड पर लग रहे जाम की लगातार आ रही शिकायतों के बाद किया। श्री राजपूत ने मौके से ही डीआरएम भोपाल पंकज त्यागी को फोन पर असुविधाओं से अवगत कराया और तत्काल समाधान निकालने के निर्देश दिए। उन्होंने स्टेशन रोड नीलम तिराहे से राज टॉकीज तक अवैध टू-व्हीलर और फोर-व्हीलर पार्किंग पर तुरंत रोक लगाने और रोड साइड शोल्डर को तत्काल भरने के निर्देश दिए, जीआरपी थाने के बाजू में

> टिकट काउंटर पर लंबी कतारें देखकर बुकिंग कर्मचारियों को फटकार लगाई।

स्थित रेलवे ग्राउंड को साफ और समतल कर उसे वैकल्पिक टू-व्हीलर/फोर-व्हीलर पार्किंग के लिए उपयोग करने का निर्देश दिया। टिकट काउंटर पर लंबी कतारें देखकर बुकिंग कर्मचारियों को फटकार लगाई।

यात्रियों के लिए टिकट काउंटर के सामने बेंच लगाने, प्रसाधन हेतु टॉयलेट और पीने के पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्लेटफॉर्म पर जनता खान-पान की उपलब्धता और क्वालिटी जांची गई। महिला विश्राम गृह की अव्यवस्थाओं पर नाराजी व्यक्त करते हुए तत्काल सुधार के निर्देश जारी किए। इस अवसर पर रेलवे तथा आरपीएफ एवं सिटी थाने का स्टाफ आदि उपस्थित थे।

# ग्राम मेहरागांव में स्वास्थ्य शिविर आयोजित



**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम/10,दिसम्बर**भारत सरकार के राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के तहत बुधवार 10 दिसम्बर को ग्राम मेहरागाँव में एकीकृत स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। बीएमओ डॉ. सृजन सेंगर की देखरेख में आयोजित इस शिविर में कुल 124 ग्रामीणजनों ने एचआईवी-एड्स सहित विभिन्न स्वास्थ्य जांचें करवाईं। शिविर का उद्घाटन सरपंच जितेन्द्र पटैल, संकुल प्राचार्य हरीश चोलकर, डॉ. शारदा विश्वास और आईसीटीसी काउन्सलर इटारसी गणेश उपरारिया ने किया। डॉ. निधि सिंघई ने महिलाओं और बच्चों की, जबकि डॉ. उमेश सिंह ने ग्रामीणजनों की स्वास्थ्य जांच व उपचार किया। जांच में ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, शुगर, वजन आदि की जांच सीएचओ आशा सोनपुरे, आशा कार्यकर्ता रजनी चौरे, मधु पटैल, सीमा राजपूत, एएनएम चंद्रकांति नामदेव और संगीता इरपाचे ने की। शिविर में एड्स के प्रमुख चार कारण— असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सुई का प्रयोग आदि बताए.

### आज सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक विद्युत प्रवाह रहेगा अवरूद्ध

**इटारसी।** विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड इटारसी ने आवश्यक रखरखाव और ट्रांसफार्मर संबंधी कार्यों के लिए कल गुरुवार, 11 दिसंबर 2025 को शहर के कुछ क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बंद रखने की घोषणा की है। 11 केवी शिवराजपुरी फीडर ट्रैक्टर स्कीम उपकेंद्र से संचालित फीडर्स पर सुबह 11 बजे से 02 बजे तक विद्युत प्रवाह प्रभावित रहेगा। इस दौरान शिवराजपुरी कॉलोनी, चयन कॉलोनी, कृष्ण विहार, चैतन्य नगर, आज़ाद चौराहा से ओवर ब्रिज तक का क्षेत्र, सूखा सरोवर, 12 बंगला, नरेंद्र नगर, जवाहर कॉलोनी, ग्रीन वैली जैसे क्षेत्र प्रभावित रहेंगे। कार्य के दौरान समय को घटाया या बढ़ाया भी जा सकता है।

# समस्या का समाधान नहीं हुआ तो होगा आंदोलन

**नवभारत न्यूज**

**सिवनी मालवा 10 दिसम्बर** सिवनी मालवा में किसानों को सोयाबीन भांवांतर की राशि, सोयाबीन की राहत राशि एवं बीमा राशि, मक्का समर्थन मूल्य पर खरीदने, ई. टोकन व्यवस्था आगामी सीजन से की जाने सहित किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर क्रांतिकारी किसान मजदूर संगठन के द्वारा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन एसडीएम को सोपा ओर चेतावनी देते हुए कहा कि समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा। क्रांतिकारी किसान मजदूर संगठन प्रदेश अध्यक्ष बृजमोहन यदुवंशी सहित अनेक पदाधिकारियों ने बताया कि सोयाबीन भावांतर राशि अधिकतर किसानो नही मिली है शीघ्र दी जाये, सोयाबीन की राहत राशि एवं बीमा राशि किसानो को अभी तक नही मिली है शीघ्र दी जावे। ई. टोकन व्यवस्था आगामी सीजन से किया जावे क्योकि सर्वर नही चलने के कारण एवं किसानो को जानकारी का अभाव है, इसलिए आगामी सीजन से लागू किया जाये। मुख्यमंत्री जी के कहे अनुसार किसानो को थ्री फेज बिजली 10 घंटे लगातार दिन मे दी जावे। मंडियों में मक्का समर्थन मूल्य से लगभग आधे रेट पर विक रही है इसलिए समर्थन मूल्य पर खरीदी की जावे। एक दिसम्बर को हुए खलघाट किसान आन्दोलन शांति पूर्ण होने के बाद भी 700 किसानो पर एफआईआर स्न.द्व.क्र की गई उन किसानो के केस वापस लिए जावे। धान खरीदी में सिकमी धारी वाले किसानो को सत्यापन नही होने के कारण स्लाट बुकिग नही हो पा रही है निराकरण कर समस्या को हल किया जावे। सहकारी समितियो में डिफालटर किसानो को छोडकर सभी खातेदार किसानो को मारिया डीएपी पोटास पर्याप्त मात्रा में दी जावे। इस अवसर पर क्रांतिकारी किसान मजदूर संगठन प्रदेश अध्यक्ष बृजमोहन यदुवंशी, ब्लाक अध्यक्ष सन्तोष पटेल आदि उपस्थित थे.

# लांझी में खेतों से लगातार हो रही केबल चोरी

**पिपरिया** ग्राम लांझी में अज्ञात व्यक्ति 500 फीट केबल व स्टार्टर चुराकर ले गये ।लांझी के विनोद पिता शेरजी पटेल ने स्टेशन रोड थाने में शिकायत की है कि लांझी में खेत से 5 दिसंबर की रात्रि में नलकूप की केबल ,मेरे खेत के आसपास के किसान जगदीश पटेल, राजेन्द्र पटेल,महेश पटेल, मिथिलेश पटेल, नानकराम पटेल, बाबूजी पटेल, भैयालाल अहिरवार, राजेश पटेल ,मनोहर पटेल आदि थे.

# आत्मनिर्भरता को समर्पित उम्मीद का होगा आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 10 दिसम्बर 2025** दिव्यांग खिलाड़ियों की प्रतिभा, आत्मबल और आत्मनिर्भरता को समर्पित उम्मीद 2026 का आयोजन 12 और 13 जनवरी को गांधी स्टेडियम में किया जाएगा। यह इटारसी में पहली बार आयोजित हो रहा है, जिसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसका संपूर्ण आयोजन एवं संचालन स्वयं दिव्यांगजनों द्वारा किया जा रहा है। दिव्यांग क्रिकेट प्रतियोगिता गांधी स्टेडियम, इटारसी में होगी। प्रतियोगिता में स्वर्गीय किशनचंद मिहानी की स्मृति में मिहानी परिवार द्वारा समस्त पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। सामाजिक कार्यकर्ता मनीष ठाकुर ने बताया कि कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु एक व्यवस्थापक समिति का गठन किया है, जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, जितेंद्र ओझा, वरिष्ठ पत्रकार अनिल मिहानी, सतप्रीत छाबड़ा, गोपाल



सिद्धवाणी, कुलभूषण मिश्रा, बल्लू भैया, जफर सिद्दीकी और विष्णु शंकर डैनी पांडे शामिल हैं। आयोजकों ने नगरवासियों और खेल प्रेमियों से गांधी स्टेडियम पहुंचकर दिव्यांग खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

# भाकिसं की मासिक बैठक संपन्न

**खिरकिया** भारतीय किसान संघ तहसील खिरकिया की मासिक बैठक संभागीय सदस्य कैलाश गुर्जर की अध्यक्षता मे संपन्न हुई तहसील अध्यक्ष रूपसिंह राजपूत ने बताया सोयाबीन भावन्तर मे बहुत विसंगती है जैसे कई किसानो को उपज सोयाबीन भावन्तर मे बैची गई तो एमएसपी और माडल रेट के बीच के अन्तर की राशी मिलना चाहिए साथ जिन किसानो की प्राकृतिक आपदा से अपनी सोयाबीन खराब हुई हो वह मंडी मे 2500.या 3000 रूपए बिकी हो उसे भावन्तर की राशी से वंचित रखा गया है.

# शासकीय एमजीएम कॉलेज में मानवाधिकार दिवस मनाया

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी।** आज 10 दिसंबर 2025 को शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय इटारसी में 75 वॉ मानवाधिकार दिवस मनाया। इस अवसर पर महाविद्यालय मैदान में राजनीति शास्त्र विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना और राष्ट्रीय केडिट कोर के संयुक्त तत्वाधावन में इटारसी का मानचित्र प्रदर्शित करते हुए एक मानव श्रृंखला बनाई गई।

प्राचार्य डॉ. राकेश मेहता ने कहा कि 1950 के बाद से हर वर्ष 10 दिसंबर को मानवाधिकार दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय मानव अधिकार हमारी दैनिक आवश्यकताएं था। राजनीति शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष, सुशीला वरवड़े ने कहा कि राष्ट्रीय मानव अधिकार

> मानवता आज जलवायु परिवर्तन, पर्यावरणीय क्षरण, संघर्ष और आतंकवाद जैसी अभूतपूर्व चुनौतियों का सामना कर रही है।

आयोग भारत को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि मानवता आज जलवायु परिवर्तन, पर्यावरणीय क्षरण, संघर्ष और आतंकवाद जैसी अभूतपूर्व चुनौतियों का सामना कर रही है। इससे निपटने के लिए सीमाओं और पीढ़ियों के पार एकजुटता दिखाने की आवश्यकता है।

इस पर्व को मनाने कॉलेज मैदान में नियमित छात्र-छात्राओं ने इटारसी के मानचित्र बनाकर मानव श्रृंखला एक समरूपता लाने एवं उसे जीवन में उतारने का प्रयास किया है।

# वृक्षमित्र संस्था ने पौधा रोपण किया

**पिपरिया** वृक्षमित्र संस्था का 66वां पौधा रोपण कार्यक्रम मुकेश सोनी के मुख्य आतिथ्य मे पचमढी रोड पर हुआ। वृक्षमित्र संस्था का 66वां पौधा रोपण कार्यक्रम अवसर पर कलीराम रघुवंशी कालोनी के आसपास अशोक के पौधे लगाकर पौधा रोपण किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक मंच से हर मिन्दरसिंह खनूजा, वृक्षमित्र संस्था से गोपाल किरणराज, संरक्षक अरविंद राय,कार्यकारी अध्यक्ष संतोष शर्मा,विनोद नायक, राजकुमारी मालवीय,अन्नू ठेकेदार, विष्णु पांडे, ओपीसिह की विशेष उपस्थिति रही।

### आम सूचना

मेरे पक्षकार श्री रमेशचन्द्र प्रजापति उम्र 68 वर्ष आत्मज स्व. नाथूराम, सेवानिवृत्त रेल्वे कर्मचारी, निवासी- नरेन्द्र नगर 12 बंगला इटारसी, जिला नर्मदापुरम जिनकी पत्नि अर्चना, पुत्र राहुल, दिपित एवं पुत्री संगीता एवं पुत्रवधु आरती पत्नि राहुल प्रजापति हैं जिनका व्यवहार रमेशचन्द्र प्रजापति के साथ असंवेदनशील एवं अपमानजनक है जिनके व्यवहार से रमेशचन्द्र प्रजापति अत्यंत दुखी एवं परेशान होकर मानसिक संत्रास से ग्रसित हैं इस कारण रमेशचन्द्र प्रजापति अपनी कुल चल एवं अचल संपति से उपरोक्त व्यक्तियों को बेदखल कर रहे हैं। आज के बाद से कोई भी व्यक्ति, संस्था, निकाय उपरोक्त वर्णित व्यक्तियों से कोई लेन-देन या अन्य कार्यवाहियों में मेरे पक्षकार रमेशचन्द्र प्रजापति के उत्तराधिकारी मानकर किसी भी तरह का संव्यवहार न करें। और यदि ऐसा किया जाता है तो ऐसे किये गये संव्यवहार के संबंध में कोई दायित्व मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगा। सूचना जाने ।

दिनांक 11.12.2025

भवदीय
**पारस जैन अधिवक्ता**
सराफा बाजार इटारसी
मो.नं. 9827240301

# बीसीएल क्रिकेट मैच का चतुर्थ दिवस रोमांचक मुकाबलों से रहा भरपूर



**नवभारत न्यूज**

**बनखेड़ी, 10 दिसम्बर** बांसखेड़ा मैदान में जारी बनखेड़ी प्रीमियर लीग (बीसीएल), जिसे स्थानीय लोग बनखेड़ी का आईपीएल भी कहते हैं, के चतुर्थ दिवस पर दर्शकों ने रोमांच से भरे तीन मुकाबले देखे। खिलाड़ियों के दमदार प्रदर्शन और चौकों-छक्कों की बरसात से मैदान में उत्साह चरम पर रहा।

**पहला मैच** - ठेनी स्टार्स माल्हनवाड़ा टाइगर्स. पहले मुकाबले में ठेनी स्टार्स ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 176 रनों का विशाल लक्ष्य खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी माल्हनवाड़ा टाइगर्स की टीम सिर्फ 119 रन ही बना सकी। ठेनी स्टार्स के शाहबीर शाह ने 96 रनों की विस्फोटक पारी खेली. शानदार प्रदर्शन के लिए शाहबीर शाह को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

**दूसरा मैच** - माल्हनवाड़ा टाइगर्स जिला भोखेड़ी. दिन के दूसरे मैच में माल्हनवाड़ा टाइगर्स ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 129 रनों का लक्ष्य दिया। जिला भोखेड़ी की टीम ने बेहतरीन बल्लेबाज़ी का प्रदर्शन कर सिर्फ 8 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। जिला भोखेड़ी की ओर से साकेत को शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

***तीसरा मैच*** ठेनी स्टार्स जिला भोखेड़ी, दिन के अंतिम मुकाबले में जिला भोखेड़ी ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 138 रनों का लक्ष्य रखा। जिसे ठेनी स्टार्स ने जबरदस्त बल्लेबाज़ी दिखाते हुए 9.4 ओवर में हासिल कर लिया। शानदार प्रदर्शन पर कपिल को मैन ऑफ द मैच चुना गया। माल्हनवाड़ा टाइगर्स के ऑनर नाखुश लगातार मिली करारी हार के बाद टीम के ऑनर रामसेवक पटेल और सुजान पटेल टीम के खेल से खासे नाखुश नज़र आए। टीम के प्रदर्शन पर पुनर्विचार की उम्मीद जताई जा रही है।

### दबिश देकर कुल 450 लीटर लाहन नष्ट की

**नर्मदापुरम।** पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम को स्थानीय सिकलीगर एवं बालागंज मोहल्ले में अवैध शराब के निर्माण और परिवहन से संबंधित मारपीट और अव्यवस्था की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए, पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी कोतवाली को प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। आज प्रातः 05:30 बजे, थाना प्रभारी कोतवाली और थाना प्रभारी देहात नर्मदापुरम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए अलग-अलग टीमें बनाईं। टीमों ने सिकलीगर मोहल्ला, नर्मदापुरम में दबिश देकर कुल 450 लीटर लाहन नष्ट किया। आरोपी वेनू सिंह पिता रूप सिंह सिकलीगर और चरण सिंह पिता पूरन सिंह सिकलीगर के कब्जे से पृथक-पृथक 25-25 लीटर हाथ भट्टी की बनी अवैध कच्ची महुआ शराब कुल कीमत 5000 रुपए की जब्त की गई। मोहल्ले से तीन मोटरसाइकिलें जिनके दस्तावेज नहीं थे, उन्हें जब्त कर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। बालागंज क्षेत्र में पुलिस टीम ने बालागंज क्षेत्र में भी आरोपी रितिका पति स्व. विवेक चौहान के कब्जे से 48 केन बीयर, कुल 24 लीटर, कीमत 4800 रुपए जब्त की। आरोपी अंजली पिता स्युराज ठाकुर उम्र 20 वर्ष के कब्जे से 36 केन बीयर, कुल 18 लीटर, कीमत 3600 जब्त की।

**गोल्डन ऑवर** दुर्घटना के बाद महत्वपूर्ण गोल्डन ऑवर के भीतर चिकित्सा उपचार प्रदान कराने वाले होंगे पुरस्कृत

# घायलों को त्वरित मदद वाले कहलाएंगे राहवीर

**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम/10,दिसम्बर** मध्य प्रदेश शासन द्वारा मोटर वाहन से जुड़ी गंभीर दुर्घटना के पीड़ित को तत्काल सहायता प्रदान करके और दुर्घटना के बाद महत्वपूर्ण गोल्डन आवर के भीतर चिकित्सा उपचार प्रदान करने के लिए अस्पताल या ट्रॉमा सेंटर पहुंचाकर पीड़ित की जान बचाने वाले को रहवीर योजना के तहत पुरस्कार राशि प्रदान की जाती है। उक्त योजना अंतर्गत पीड़ित की जान बचाने वाले व्यक्ति को राहवीर कहा गया है इसीलिए योजना का नाम राहवीर योजना रखा गया है। आम जनता को नकद पुरस्कार और प्रमाण पत्र के माध्यम से आपातकालीन स्थिति में सड़क दुर्घटना के पीड़ितों की मदद करने और उनका मनोबल बढ़ाने के लिए प्रेरित करना, इसके साथ ही सड़क दुर्घटना के पीड़ितों की जान बचाने के लिए दूसरों को भी प्रेरित और प्रोत्साहित करना। कोई भी व्यक्ति जिसने मोटर वाहन से जुड़ी किसी गंभीर दुर्घटना के पीड़ित को तत्काल सहायता प्रदान करके तथा दुर्घटना के बाद गोल्डन ऑवर के भीतर अस्पताल पहुंचकर चिकित्सा उपचार प्रदान करके उसकी जान बचाई हो।

**गोल्डन ऑवर** - मोटर यान अधिनियम की धारा 2 (12क) के अनुसार गोल्डन ऑवर का तात्पर्य किसी गंभीर चोट के बाद एक घंटे की वह अवधि, जिसके दौरान शीघ्र चिकित्सा देखभाल प्रदान करके जीवन बचाने की सबसे अधिक संभावना होती है।

**गंभीर दुर्घटना** - मोटर वाहन से जुड़ी कोई भी सड़क दुर्घटना जिसके परिणामस्वरूप पीड़ित को उपचार के दौरान निम्नलिखित में से कोई भी स्थिति उत्पन्न हुई हो और अस्पताल द्वारा मृत्यु/गंभीर स्थिति का प्रमाण पत्र जारी किया गया हो। कम से कम तीन दिन अस्पताल में भर्ती रहना, मस्तिष्क की चोटें, रीढ़ की हड्डी की चोटें, उपचार के दौरान पीड़ित की मृत्यु। वित्तीय सहायता (पुरस्कार के रूप में) = प्रत्येक राह-वीर (गुड समेरिटन) के लिए पुरस्कार राशि प्रति घटना 25,000/- रुपये होगी, जो निम्नलिखित प्रावधानों के अधीन होगी। यदि एक राह-वीर मोटर वाहन से जुड़ी एक गंभीर दुर्घटना में एक या अधिक पीड़ितों की जान बचाता है, तो पुरस्कार राशि 25,000/- रुपये मात्र होगी। यदि एक से अधिक राह-वीर मोटर वाहन से जुड़ी किसी गंभीर दुर्घटना में एक पीड़ित की जान बचाते हैं, तो पुरस्कार राशि अथति 25,000/- रुपये उनके बीच बराबर-बराबर बाँटी जाएगी। यदि एक से अधिक राह-वीर मोटर वाहन से जुड़ी किसी गंभीर दुर्घटना में एक से अधिक पीड़ितों की जान बचाते हैं, तो पुरस्कार राशि प्रति बचाए गए पीड़ित व्यक्ति के लिए 25,000/- रुपये होगी, जो प्रति राह-वीर अधिकतम 25,000/- रुपये होगी।

In The Court Of I Additional District and Session Judge, Tehshil Court Itarsi District Hoshangabad
Presiding Officer: **श्रीमती अनीता खजुरिया**
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCS HM /0000057/2025)
प्रियंका पाण्डे ............वादी
Vs
आशीष पाण्डे ...............प्रतिवादी
Process Id-/2025
पेशी दिनांक - 30/01/2026

**प्रेषिती-** (1) आशीष पाण्डे पिता गौरीशंकर पांडे पता व्यवसाय दवाई दुकान कैलाश राठौर न्यास कालोनी दुबे हास्पिटल के पास, एडवांश आशी ब्यूटी पार्लर तहसील इटारसी जिला नर्मदापुरम मो.नं. 8827502097

यह कि प्रार्थी प्रियंका पाण्डे ने आपके विरूद्ध आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 13 हिन्दू विवाह अधिनियम के लिये वाद संस्थित किया है. आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाज़िर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 05 December 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**न्यायालय की मुद्रा**

न्यायाधीश
**अनीता खजुरिया**
प्रथम जिला न्यायाधीश
इटारसी, जिला नर्मदापुरम म.प्र.

**टिप्पणी-** आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 13 हिन्दू विवाह अधिनियम.

**कृपया ध्यान दें -** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

In The Court Of District and Session Judge, District Court, Harda
Presiding Officer: अरविन्द रघुवंशी
**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)**
(MCA/0000016/2025)
पुनम राय उर्फ पूर्णिमा ..................वादी
Vs
अभिषेक राय ....................प्रतिवादी
PNO-4847/25
Process Id-/2025
पेशी दिनांक- 14/01/2026

प्रेषिती- (1) सर्वसाधारण पता- पता:, सर्वसाधारण

यह कि प्रार्थी पूनम राय उर्फ पूर्णिमा ने आपके विरूद्ध एमसीए के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 01 December 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**न्यायालय की मुद्रा**

**(अरविन्द रघुवंशी)**
न्यायाधीश
प्रधान जिला न्यायाधीश जिला-हरदा (म.प्र.)

टिप्पणी : सर्वसाधारण पेपर प्रकाशन हेतु

कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।